# बिहार सरकार
# बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
# पटना।

## भाड़े पर वाहन आपूर्त्ति हेतु तकनीकी निविदा की विशेष शर्तें :–

(1) निविदादाता को कम से कम एक वर्ष तक केन्द्र/राज्य सरकार, अर्द्ध सरकारी संस्थान, निगम आदि के समान प्रकृति का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है।

(2) उपलब्ध कराये जाने वाले सभी वाहनों का निबंधन परिवहन विभाग, बिहार सरकार के अधीन वाणिज्य रूप से होना अनिवार्य होगा।

(3) फर्म/संस्थान को सेवा कर का निबंधन अनिवार्य है।

(4) फर्म/संस्थान द्वारा विगत एक वर्ष का आयकर रिर्टन निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(5) उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन वर्ष 2017 से पुराना नहीं होना चाहिए तथा अच्छी हालत में होनी चाहिए।

(6) वाहन का रख–रखाव, ईंधन तथा चालक के वेतन आदि के भुगतान का दायित्व संबंधित फर्म/संस्थान का होगा।

(7) वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर वाहन एवं ड्राईवर को देय क्षतिपूर्ति का दायित्व फर्म/संस्थान की होगी।

(8) भाड़े पर वाहन रखने हेतु देय विहित प्रपत्र में पठनीय, स्वच्छ टंकित प्रति कराकर निविदादाता को देना होगा।

(9) निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

(10) निविदादाता के उपरोक्त सारे आवश्यक कागजात देना अनिवार्य है, बिना कागजात के निविदा निरस्त समझा जायेगा।

(11) तकनीकी निविदा में निर्धारित शर्त्तो को पूरा करने वाले निविदादाताओं के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

(12) वाहन सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध कराना होगा।

(13) सेवा में टूट होने पर उस दिन की समानुपातिक राशि के अलावे 500/-- (पाँच सौ) रूपये प्रतिदिन की दर से दण्ड राशि की कटौती फर्म/संस्थान के द्वारा दिये गये दावे से की जायेगी।

(14) जब भी जितनी संख्या में गाड़ी की माँग की जायेगी फर्म/संस्थान को उतनी ही संख्या में निर्धारित समय के अन्दर माँग के अनुरूप गाड़ी उपलब्ध कराना होगा।

(15) अनुबंध की अवधि, date of award की तिथि से 31.03.2021 तक होगी। (31-03-21)

(16) सभी वाहन का अनिवार्य रूप से बीमा होना आवश्यक है।

(17) सफल निविदाकार को GST का भुगतान नियमानुसार करना अनिवार्य होगा तथा इसके ससमय कटौती की सारी जवाबदेही सफल निविदाकार की होगी।

Sd/- 23.2.2021
प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

# बिहार सरकार
## बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
## पटना।

## भाड़े पर वाहन आपूर्त्ति हेतु वित्तीय निविदा का प्रपत्र

| क्र०स० | वाहन का विवरण | 1500 कि० मी० प्रति माह (सभी कर सहित) |
|---|---|---|
| (क) | इनोवा–ए०सी० | |
| (ख) | स्कॉरपियो–ए०सी० | |
| (ग) | इंडिगो / स्विफ्ट डिजायर–ए०सी० | |
| (घ) | बेलेरो–ए०सी० | |
| (ङ) | टाटा सफारी–ए०सी० | |
| (च) | सुमो–ए०सी० | |

| निविदा प्रारूप<br>वाहन का दैनिक दर (ईंधन, सभी कर एवं चालक सहित) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र०स० | वाहन का विवरण | 80 कि०मी० अथवा 8 घंटा | अतिरिक्त कि० मी० | अतिरिक्त घंटा |
| (क) | इनोवा–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |
| (ख) | स्कॉरपियो–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |
| (ग) | इंडिगो / स्विफ्ट डिजायर–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |
| (घ) | बेलेरो–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |
| (ङ) | टाटा सफारी–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |
| (च) | सुमो–ए०सी० | @Rs----------- | @Rs------ | @Rs---------- |

# बिहार सरकार
## बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
## पटना।

## चेक लिस्ट

## तकनीकी निविदा

| | | |
|---|---|---|
| (1) | कार्यानुभव | ☐ |
| (2) | छः गाड़ियों का वाणिज्यिक निबंधन | ☐ |
| (3) | सेवा कर निबंधन का प्रमाण | ☐ |
| (4) | विगत वर्ष के आयकर रिटर्न की छाया प्रति | ☐ |
| (5) | GST निबंधन का प्रमाण | ☐ |
| (6) | फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति | ☐ |
| (7) | 5,000/–रूपये का D D | ☐ |

# बिहार सरकार

**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
**19, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

## भाड़े पर वाहन रखने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– प्रभारी सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, 19, हार्डिंग रोड, पटना।

2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– प्रकाशन के तिथि से दिनांक–09.03.2021, 2:00 बजे अपराह्न तक।

3. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.03.2021, 4:00 बजे अपराह्न।

4. कोटेशन प्राप्त करने का स्थान :– बिहार तकनीकी सेवा आयोग, 19 हार्डिंग रोड, पटना।

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के अधीन अनुबंध के आधार पर भाड़े का वाहन रखने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर रजिस्टर्ड फर्म से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. वाहन, जिनका निबंधन वाणिज्यिक वाहन के रूप में हो, का दर प्रति माह न्यूनतम 1500 कि०मी० हेतु ईंधन/चालक सहित सभी करों यथा आयकर एवं सर्विस टैक्स शुल्कों सहित अंकित करना होगा, जिसके अन्तर्गत वाहन का रख–रखाव, मरम्मति, टैक्स एवं सुरक्षा संबंधी सभी व्यय वाहन मालिक को स्वंय वहन करना होगा।

2. तकनीकी बीड वाले लिफाफा में निम्नांकित प्रपत्र में फर्म उपलब्ध वाहनों से संबंधित सूचना देना अनिवार्य होगा :–

| क्र०सं० | वाहन का नाम | गाड़ी का मॉडल एवं वर्ष | वाणिज्यक परिवहन निबंधन है? (हाँ या नहीं) | रोड टैक्स अद्यतन है? (हाँ या नहीं) | Environmental Clearance? (हाँ या नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Enova A.C | | | | |
| 2. | Scorpio A.C | | | | |
| 3. | Bolero A.C | | | | |
| 4. | Safari A.C | | | | |
| 5. | Sumo A.C | | | | |
| 6. | Indigo/Swift Dzire A.C | | | | |

3. अल्पकालीन निविदा रजिस्टर्ड ट्रैवलर एजेंसी/फर्मों का ही स्वीकार किया जाएगा। अल्पकालीन निविदा दो लिफाफा में प्राप्त किया जाएगा। तकनीकी बीड वाले सीलबंद लिफाफ में वाहन संबंधी सभी कागजातों की सत्यापित फोटोप्रति, आयकर प्रमाण–पत्र, फर्म के निबंधन का प्रमाण–पत्र, फोटो पहचान–पत्र की छायाप्रति तथा जमानत की राशि रू **5,000** (पाँच हजार) रू० मात्र का डिमांड ड्राफ्ट, जो निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (D.D.O) बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पदनाम से देय हो, जमा करना होगा। प्रथम एवं द्वितीय सीलबंद लिफाफे के ऊपर क्रमशः "तकनीकी बीड" एवं "दर बीड" अंकित करना होगा। **तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा** की शर्तें बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के **Website btsc.bih.nic.in** पर या अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है। तकनीकी बीड वाले लिफाफे में सभी कागजात संतोषजनक पाए जाने पर ही दर बीड का लिफाफा खोला जाएगा। असफल निविदाकार को जमानत की राशि कोटेशन पर निर्णय होने के बाद लौटा दिया जाएगा एवं सफल निविदाकार को जमानत की राशि वाहन के एक माह के सफल संचालन के पश्चात ही लौटाया जाएगा।

| क्र०सं० | वाहन का नाम | गाड़ी का मॉडल एवं वर्ष | प्रतिमाह न्यूनतम 1500 कि०मी० की दर (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | Enova A.C | | |
| 2. | Scorpio A.C | | |
| 3. | Bolero A.C | | |
| 4. | Safari A.C | | |
| 5. | Sumo A.C | | |
| 6. | Indigo/Swift Dzire A.C | | |

24.2.2021

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड़, पटना–800001